हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)
(ISO 9001 : 2015 - Certified Organization)
आज़ादी का अमृत महोत्सव

"प्रेस नोट"

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2022

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा–2022 का आयोजन दिनांक 03.12.2022 (शनिवार) व 04.12.2022 (रविवार) को करवाया जा रहा है। पात्र अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र (**admit card**) दिनांक 26.11.2022 से बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट **www.bseh.org.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र पर दर्शाए गए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों को ध्यान से पढकर/समझकर पालना करना सुनिश्चित करेंगें।

- अभ्यर्थी इस बात का विशेष ध्यान रखें की प्रवेश–पत्र का **Colour Printout** लिया जाना अनिवार्य हैं।
- अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन के समय पंजीकृत करवाए गए फोटोयुक्त पहचान–पत्र जिसका वर्णन अभ्यर्थी के प्रवेश–पत्र पर भी है, को मूल रूप से परीक्षा केंद्र पर पहचान हेतु साथ लेकर जाना अनिवार्य है।
- अभ्यर्थी परीक्षा आरंभ होने से 02 घण्टे 10 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगें ताकि परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर मेटल डिटेक्टर से तलाशी, **IRIS** बॉयोमीट्रिक डाटा कैप्चरिंग और अन्य अनिवार्य औपचारिकताएं समय पर पूरी की जा सकें।
- अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र परिवर्तन एवं विषय परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी।
- परीक्षा केन्द्र के अन्दर अंगूठी, बालिया, चेन, हार, लटकन, ब्रोच इत्यादि जैसे सभी गहने किसी भी धातु की वस्तु, कैमरा, घड़ी, कैलकुलेटर, मोबाईल फोन, पेजर, ब्लूटूथ, ईयरफोन, पर्स, लॉग, टेबल, हैल्थ बैंड, इलेक्ट्रोनिक्स गैजेटस, प्लास्टिक पाउच, कोरा या मुद्रित कागज, लिखित चिट इत्यादि लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी।
- महिला अभ्यर्थी को मंगलसूत्र, बिंदी व सिंदूर पहनने की अनुमति होगी। **Baptized, Sikh candidates** को धार्मिक प्रतीकों को ले जाने की अनुमति है।
- अभ्यर्थी इस बारे विशेष ध्यान रखें कि दो पृष्ठिय प्रवेश–पत्र की **Center copy** व **Candidate copy** का एक–एक **Colour Printout** साथ लेकर जाना अनिवार्य हैं। अभ्यर्थी इस बारे विशेष ध्यान रखें कि प्रवेश–पत्र पर पंजीकरण के समय अपलोड किया गया रंगीन फोटो लगाकर व राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित करवाकर परीक्षा केन्द्र पर लेकर जाना अनिवार्य है।
- ऐसे नेत्रहीन/अशक्त परीक्षार्थी जिनकी अशक्त्ता 40 प्रतिशत या इससे अधिक है, जो अपने हाथ से लिखने में असमर्थ हैं व लेखक की सुविधा लेना चाहते है, वे अभ्यर्थी लेखक लेने हेतु स्वीकृति बारे मैडिकल बोर्ड/मुख्य चिकित्सा अधिकारी (**CMO**) द्वारा जारी प्रमाण–पत्र, जो अभ्यर्थी लेखक के रूप में लिया जाना है उसकी दो रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो, शैक्षणिक योग्यता कक्षा 12वीं से अधिक न हो, संस्थान/विद्यालय के मुखिया से सत्यापित प्रतियों सहित प्रवेश–पत्र जारी हाने उपरांत कार्यालय दिवसों में प्रातः 9:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक बोर्ड मुख्यालय, भिवानी के कमरा नं0 28 में सम्पर्क कर सकते हैं। ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा प्रयोग में लाए जाने वाले प्राफॉर्मे **SPL-1 & SPL-2** बोर्ड की वैबसाईट **www.bseh.org.in** पर उपलब्ध है।
- ऐसे अभ्यर्थी जिनका फोटो, हस्ताक्षर व अंगूठे का निशान निर्धारित मानक/साईज/स्थान अनुसार नहीं है तथा अभ्यर्थी की फोटो से पहचान सुनिश्चित नहीं हो रही है ऐसे अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र रोके गए है। अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र रोकने का कारण पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। ये अभ्यर्थी पोर्टल पर दर्शाई गई त्रुटि का दिनांक 29.11.2022 तक ऑनलाईन निवारण करके अपने प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकेंगें। दिनांक 29.11.2022 को सांय 5:00 बजे के पश्चात ऑनलाईन त्रुटि के निवारण हेतु लिंक बंद कर दिया जाएगा।
- जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं हो रहे हैं, वे अपने **Confirmation Page** के साथ बोर्ड मुख्यालय, भिवानी के कमरा नं0 28 में कार्यालय कार्य–दिवस में प्रातः 9:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर सकते हैं।

हस्ता0
अध्यक्ष